डिजीटल पत्र
# कांग्रेस दर्पण
दैनिक
पटना, 26 जून, सोमवार, 2023

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना-10



# गया को स्मार्ट सिटी बनाने, रामायण सर्किट से जोड़ने सहित सभी लंबित मांगों के लिए आंदोलन तेज होगा: कांग्रेस


**पटना। कांग्रेस दर्पण**

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू , गया जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा गगन मिश्रा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, मो समद, असरफ इमाम, मौलाना आफताब आलम खान, आदि ने कहा की अतिप्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विश्व पर्यटन मानचित्र पर स्थान रखने वाला गया शहर को केंद्र सरकार द्वारा अभी तक देश के स्मार्ट सिटी नही बनाने, तथा रामायण सर्किट से अभी तक नही जोड़ने से गयावासियो में भयानक आक्रोश है, जबकि इसके लिए सभी राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों, द्वारा इसके लिए लगातार मांग किया जा रहा है। नेताओ ने कहा की केंद्र सरकार द्वारा गया की लगातार उपेक्षा किया जा रहा है जबकि गया, बोधगया में भगवान विष्णु, बुद्ध की स्थली होने से यहां प्रतिवर्ष देश, विदेश के लाखो, लाख श्रद्धालु,पर्यटक का आना, जाना होता रहता है। नेताओ ने कहा की देश के स्मार्ट शहरो के चयन में बिहार के पटना, गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर, बिहारशरीफ, आदि शहरों का प्रस्ताव में गया को छोड़ दिया गया, इसी तरह बिहार से झारखंड के विभाजन के उपरांत बुद्ध सर्किट के तर्ज पर रामायण सर्किट बनाने की घोषणा में बिहार से सीतामढ़ी, गया, दरभंगा, बक्सर को जोड़ने के प्रस्ताव में गया जहां विश्व प्रसिद्ध सीताकुंड अवस्थित है, लेकिन इसे अभी तक रामायण सर्किट में नहीं जोड़ा गया। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी इन दोनो महत्वाकांक्षी योजना को अमलीजामा पहनाने, धरातल पर उतारने हेतु संघर्ष को और तेज करेगी। नेताओ ने कहा की कांग्रेस पार्टी सर्वदलीय संघर्ष समिति के बैनर तले गया, पटना, दिल्ली तक आंदोलन कर विगत दस वर्षो से माननीय प्रधानमंत्री, केंद्रीय नगर विकास मंत्री, केंद्रीय पर्यटन मंत्री, को दर्जनों बार ज्ञापन सौंपा गया, परंतु अभी तक गया स्मार्ट सिटी नही बन पाया, ना ही रामायण सर्किट से जोड़ा गया।

विजय कुमार मिठू





# उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह को मातृ शोक




**पटना। कांग्रेस दर्पण**

उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ नेता पूर्व नेता प्रतिपक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री चकराता विधानसभा के माननीय विधायक श्री ढ१ ३ें ग्रल्लऋँ की पूज्य माताजी का निधन हुआ जिस पर क्षेत्र में शोक की लहर छाई हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के अध्यक्ष राकेश राणा पूर्व जिलाध्यक्ष सूरज राणा नरेंद्र चंद रमोला साहब सिंह सजवान सौबन सिंह नेगी विक्रम सिंह पवार देवेंद्र नौटियाल आशा रावत विजय गुनसोला मुरारीलाल खंडवाल नरेंद्र राणा बलवीर सिंह कोहली आदि कांग्रेस जनों ने 2 मिनट का मौन रख कर शोक संवेदना प्रकट की जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश राणा ने कहा कि परमपिता परमात्मा पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे एवं परिवार को यह दारुण दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे। इस दुःख की घड़ी मे समस्त कांग्रेस परिवार की संवेदनाएं आदरणीय प्रीतम सिंह जी एवं उनके परिवार के साथ हैं।



## जहानाबाद जिला के मखदुपुर प्रखंड के भैख गांव मे देवी मंदिर का स्थापना एव यग मे दिनांक 25/6/2023को शामिल काग्रेस बिहार प्रदेश के युवा नेता माननीय आकाश प्रसाद सिंह जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ऐवं अन्य काग्रेस समर्थक उपस्थित थे।






महात्मा गांधी, पण्डित नेहरूसमेत असंख्य क्रांतिकारियों के पदचिन्हों का अनुसरण करती कांग्रेस पार्टी इस तानाशाह शासन के विरुद्ध अनवरत संघर्षरत है। जिसके सुप्रभाव से इस सरकार को धूल चटाने के लिए पार्टी का कारवां अनवरत बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्रदेश मुख्यालय में प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे जी व प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह जी की उपस्थिति में लखनऊके युवा समाजसेवी आसिफ़ ज़ैदी साहब ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ हाथ का साथ थामा। कांग्रेस परिवार सभी नवागन्तुकों का अभिनन्दन करता है।



## इतिहास को संजोने का ऐतिहासिक कदम...... ,

**आज पुरानी विधानसभा स्थित विश्वस्तरीय निर्माणाधीन राजस्थान धरोहर संग्रहालय का अवलोकन किया, यह संग्रहालय अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित तथा पर्यटन व रोजगार को बढ़ाने में ऐतिहासिक पहल होगा।**



## भक्तों के पापा नरेंद्र मोदी जी मस्जिद में,

**अब आपकी प्राथमिकता क्या है #हेमंतविश्वशर्मा जी**

**ग़लत बयानबाज़ी जो आपने #बराकओबामा जी को लेकर की तो आपकी वजह से शर्मिंदगी प्रधानमंत्री #नरेंद्रमोदी जी को भी उठानी पड़ेगी।**

# महान स्वतंत्रता सेनानी एवं महिला शक्ति की मिसाल श्रीमती सुचेता कृपलानी जी की जयंती पर उन्हें सादर नमन।


**पटना। कांग्रेस दर्पण**

सन 1942 के दौरान महात्मा गांधी जी पुणे के आगा खां पैलेस में अनशन पर थे। उनकी तबियत बिगड़ती जा रही थी। आंदोलन चरम पर था। सब क्रांतिकारी नेताओं के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हो रहे थे। महिला स्वतंत्रता सेनानियों के भी खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी हुए तो सुचेता कृपलानी जी ने अंग्रेज सरकार के सामने प्रस्ताव रखा, ₹मैं गांधी जी को देखना चाहती हूं। मुझे उनसे मिलने की इजाजत मिलनी चाहिए। उसके बाद आप मुझे गिरफ्तार कर सकते हैं।₹ अंग्रेज सरकार को सुचेता कृपलानी जी की बात माननी पड़ी और उन्हें महात्मा गांधी जी से मिलने दिया गया। इसके बाद उन्होंने भूमिगत होकर आंदोलन की कमान संभाली और अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की स्थापना करने वाली सुचेता कृपलानी जी ने आचार्य विनोबा भावे जी के साथ मिलकर सत्याग्रह किया, जिसके बाद उन्हें जेल में डाल दिया गया था। जेल से छूटकर भी वे आंदोलन से पीछे नहीं हटीं। महात्मा गांधी जी के



साथ उन्होंने देश में शांति स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई। जब देश आजाद हुआ तो सुचेता कृपलानी जी को संविधान सभा का सदस्य नियुक्त किया गया। 1963 में उन्होंने भारत की पहली महिला मुख्यमंत्री के रूप में उत्तर प्रदेश की कमान संभाली थी।



# मीडिया का एक वर्ग कांग्रेस की सोशल मीडिया से बड़ा परेशान है: सुप्रीया

**पटना। कांग्रेस दर्पण**

कुछ कमांडो वारियर एंकर तो डिबेट भी कर रहे हैं – कांग्रेस ने ये क्यों कहा? कांग्रेस ने वो क्यों कहा?


यह वही प्रबुद्ध वर्ग है जिसने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के ख़िलाफ़ भाजपा के ज़हर और झूठ को घर घर पहुँचाने में बड़ी कारगर भूमिका निभाई है. यह वही चरणचुंबक हैं जिनको राहुल गांधी के ख़िलाफ़ अपशब्द नहीं सुनाई दिये, जिनको राहुल गांधी की छवि बिगाड़ने का भाजपा का सुनियोजित षड्यंत्र नज़र नहीं आया, जिन्हें भाजपा की फेक न्यूज़ फैक्ट्री का राहुल गांधी के बयानों को तोड़ मरोड़ कर फैलाना नज़र नहीं आया, जिन्हें एक शहीद की विधवा और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष के ख़िलाफ़ भाजपाईयों और ख़ुद प्रधानमंत्री का घिनौना झूठ नहीं सुनाई दिया, जिन्हें स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू के ख़िलाफ़ अमर्यादित गालियाँ सुनाई नहीं देती, जिन्हें गांधी का अपमान और गोडसे का महिमामंडन नहीं दिखता.

जिन्हें अपने चरणवंदन में सिर्फ़ और सिर्फ़ मोदी जी के ख़िलाफ़ किसने क्या बोल दिया ही दिखाई और सुनाई देता है. ऐसे लोगों को खुली चुनौती है – एक जगह दिखाइए जहां हमने झूठ, फेक न्यूज़ का सहारा लिया हो या ढट के व्यक्तिगत जीवन पर लांछन लगा कर मर्यादा की सीमा लांघी हो. हमने उनकी नीतियों और जुमलों पर सवाल किया है – आगे भी करेंगे, उनके दोहरे मापदंड को बेनक़ाब किया है – आगे भी करेंगे, नफ़रत और अपराधियों के संरक्षण पर उनका पर्दाफ़ाश किया है – आगे भी करेंगे. हमने प्रधानमंत्री के स्वर्गीय माता पिता पर कुछ नहीं कहा – और ना कभी कहेंगे, उनकी दादी और उनके परनाना पर ना कुछ कहा ना कहेंगे – ख़ासतौर से अगर वो इस देश के लिये शहीद हुए हों. हमने उनकी शिक्षा, उनके नाम, उनके पासपोर्ट, उनके चाल चलन पर कोई झूठ प्रचारित नहीं किया – ना करेंगे – अब अगर उनके ख़ुद के इलेक्शन हलफ़नामे उनको झूठा सिद्ध करेंगे तो इसमें हमारी क्या गलती है? जो नफ़रत भाजपा ने लगातार परोसी है – हम उस नफ़रत का मुक़ाबला तथ्यों, आँकड़ों, सच और व्यंग से दे रहे हैं – आगे भी देंगे. भाजपा ने जो



करोड़ों रुपये और मीडिया के सहारे हमारे नेता की छवि बर्बाद की – हम वो चाहते हुए भी नहीं कर सकते. क्योंकि ना तो हमारे पास उतना पैसा है, ना मीडिया हमारे साथ है और ना ऐसा करने की इजाज़त हमारा ज़मीर और हमारे संस्कार हमें देते हैं. तो हम वो कर रहे हैं – जो असल में तो मीडिया को करना चाहिए. हम प्रधानमंत्री से महंगाई पर, ग़रीबी पर, बेरोज़गारी पर, आर्थिक असमानता पर, अडानी महाघोटाले पर, चीन के अतिक्रमण पर, दरिंदों को संरक्षण देने पर लगातार सवाल पूछेंगे, उनको आईना दिखायेंगे, उनके खोखले दावों और भयानक जुमलों पर उनकी जवाबदेही निश्चित करेंगे. अब अगर आपको यह हमला ग़लत लगता है – तो दिक़्क़त आपकी सोच, आपके नज़रिए में है. और हाँ हमें ज्ञान बांचने से पहले – बस इतना बता दीजिए कि हम तो तथ्यों पर प्रधानमंत्री को घेर रहे हैं तब आपको इतनी तकलीफ़ हो रही है, जब राहुल गांधी के ख़िलाफ़ मनगढ़ंत झूठ प्रचारित होते थे तो चटकारे लेकर उसमें मज़े लेने के बजाय उसका खंडन क्यों नहीं किया, कभी उस पर सवाल क्यों नहीं किया? जो बोया – उसको काटने में इतना कष्ट क्यों हो रहा है? कर्मों की लीला बड़ी है निराली– पाप और पुण्य का फ़ैसला तो यहीं होता है – ऐसा तो शास्त्रों में भी कहा गया है!



# मेरा बलिदान सार्थक होने से पहले अगर मौत दस्तक देगी तो संकल्प लेता हूं कि मैं मौत को भी मार डालूंगा





ये पंक्ति कारगिल युद्ध के हीरो कैप्टन मनोज पांडेय की डायरी से है। देश की रक्षा और सेवा का यही वह जज्बा है जिसके दम पर कैप्टन मनोज पांडेय ने असाधारण बहादुरी दिखाते हुए जान की बाज़ी लगाकर खालूबार की चोटी पर तिरंगा फहराने का सबसे कठिन लक्ष्य हासिल किया था। परमवीर चक्रविजेता एवं अमर शहीद कैप्टन मनोज पांडेय जी की जयंती पर उन्हें शत–शत नमन। उनका सर्वोच्च बलिदान हमारी पीढ़ियों को प्रेरणा देना रहेगा।

## अपनी धर्मपत्नी को नजरबंद

हम समवेत

**पीएम मोदी की पत्नी जसोदा बेन का आरोप, मुझे सास के अंतिम संस्कार में जाने से रोका गया**

पीएम मोदी की पत्नी जशोदाबेन अपनी सास हीरा बेन की अंतिम यात्रा में शामिल होने के लिए फूट-फूटकर रोती रहीं, लेकिन पुलिस ने उन्हें जाने नहीं दिया।

प्रभातकिरण


प्रभातकिरण
मुझे घर में नजरबंद किया गया- जसोदा बे

आज तक



**PM Modi Gifted Dimond to Jill Biden:**
**PM मोदी ने किया ग्रीन डायमंड गिफ्ट, ये जनाब गदगद, कहा- मैं ही बनाता हूं!**

## दूसरे की बीबी को नजरों में बंद

**आज बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम पटना में #KKC_india के राष्ट्रीय चेयरमैन माननीय डॉ उदित राज जी ने #बिहार प्रदेश केकेसी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की एवं प्रदेश में संगठन की मजबूती हेतु आवश्यक दिशानिर्देश दिए।**








**मणिपुर में जारी हिंसा के बीच #SOSIYC द्वारा मदद पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है! कांग्रेस अध्यक्ष श्री Mallikarjun Kharge जी, श्री Rahul Gandhi जी के निर्देश पर युवा कांग्रेस द्वारा मणिपुर हिंसा में प्रभावितों को राहत देने के उद्देश्य से खाद्य सामग्री वितरण का दौर जारी है।**



